# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## फरवरी 2023




नगर पालिक निगम भिलाई

# अवैध प्लाटिंग पर दो लोगो के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर, कोहका में अवैध प्लाटिंग को लेकर भिलाई निगम ने दर्ज कराया एफआईआर

भिलाई नगर/ अवैध प्लाटिंग के मामले में भिलाई निगम ने बड़ा कदम उठाया है। 2 लोगों के विरुद्ध अवैध प्लाटिंग के मामले को लेकर एफआईआर दर्ज हुआ है। कोहका एरिया में अवैध प्लाटिंग को लेकर यह कार्यवाही की गई है। अवैध प्लाटिंग पर लगाम लगाने के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं इसी तारतम्य में हाल ही में कुरूद के पांच अलग-अलग स्थानों पर अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई थी। जो कोई अवैध व्यापर्तन का या अवैध कॉलोनी का निर्माण का अपराध करेगा या उसके किए जाने का दुष्प्रेरण करता है वह कम से कम 3 वर्ष और अधिक से अधिक 7 वर्ष के कारावास से तथा न्यूनतम 1 लाख के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। कॉलोनी निर्माण करने वाला या कोई अन्य व्यक्ति को जो कॉलोनी वाला कोई व्यक्ति को कॉलोनी स्थापित करने के उद्देश्य से अपनी भूमि को या किसी अन्य व्यक्ति की भूमि या इस संबंध में बनाए गए नियमों में निहित प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए, भूखंडों में विभाजित करता है वह अवैध कॉलोनी निर्माण का अपराध करता है।इन्हीं कारणों से अवैध प्लाटिंग को लेकर भिलाई निगम के जोन आयुक्त राजेंद्र नायक ने स्मृति नगर चौकी में भू स्वामी नारायण आ. कामता प्रसाद एवं हिलेंद्र कुमार आ. कामता प्रसाद निवासी कोहका के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाया है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि सूचना मिलते ही निगम प्रशासन की टीम अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने फील्ड पर जाकर कार्यवाही कर रही है। अवैध प्लाटिंग पर लगाम लगाने आगे भी सख्ती से कदम उठाए जाएंगे।



# भिलाई निगम में नई एजेंसी ने टैक्स लेना किया प्रारंभ, मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन ऑफिस में जमा कर सकते हैं टैक्स, महापौर नीरज पाल ने एजेंसी के माध्यम से करदाता को सौंपी रसीद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में नई एजेंसी ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है और आज से टैक्स कलेक्शन की जिम्मेदारी ले ली है। निगम मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में नई एजेंसी श्री पब्लिकेशन स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड ने टैक्स लेना प्रारंभ कर दिया है। इससे पूर्व भिलाई निगम द्वारा टैक्स लिया जा रहा था। निगम मुख्य कार्यालय में करदाता महंगी राम ने नई एजेंसी के पास टैक्स काउंटर पहुंचकर अपना पहला टैक्स 7086 रुपए जमा किया एजेंसी को दिए थे, इसी तारतम्य में नई एजेंसी ने टैक्स कलेक्शन का काम प्रारंभ कर दिया है, अब करदाताओं को टैक्स जमा करने में और भी आसानी होगी। एजेंसी के द्वारा संपत्तिकर, समेकितकर, शिक्षा उपकर, यूजर चार्ज, जलकर आदि टैक्स लिए जाएंगे। एजेंसी के सौरभ कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एजेंसी के अधीनस्थ कर्मचारियों को टैक्स कलेक्शन के लिए प्रशिक्षित कर दिया गया है, अब टैक्स कलेक्शन में तेजी लाने का कार्य किया जाएगा, टैक्स वसूली में वृद्धि करने के लिए अलग-अलग तरीके भी अपनाए जाएंगे। एजेंसी ने इसके लिए कर्मचारी भी नियुक्त किए हैं।



# महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक संपन्न, कई अहम मुद्दों पर की गई विस्तार से चर्चा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में आज महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास व अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, महापौर परिषद के सदस्य मालती ठाकुर, सीजू एंथोनी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, आदित्य सिंह, मीरा बंजारे, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा एवं चंद्रशेखर गवई की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सफाई के ठेके को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, इसके साथ ही निगम के जल कार्य विभाग में कुशल, अर्ध कुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने, सेक्टर 5 बीएसएनल ऑफिस के बाजू में 10 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य व सेक्टर 5 सड़क 15 में सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य को लेकर एमआईसी सदस्यों ने महापौर की अध्यक्षता में चर्चा की। एमआईसी की बैठक में निगम के उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा तथा खिरोद्र भोई आदि मौजूद रहे।



# सी-मार्ट को लेकर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने ली बड़ी बैठक, जिले के विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख रहे मौजूद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सी-मार्ट को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में जिले के कई विभाग प्रमुख मौजूद रहे। मुख्य रूप से शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, अक्षय पात्र, समाज कल्याण विभाग, ट्राइबल डिपार्टमेंट, होमगार्ड कमांडेंट, अवनी से आए हुए लोग सहित अन्य बैठक में उपस्थित रहे। सी-मार्ट में विक्रय के लिए तैयार सभी उत्पादों तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों को जो सी-मार्ट के माध्यम से विक्रय के लिए रखे गए है को बढ़ावा दिया जाएगा। शासकीय विभागों में कई प्रकार के सामग्रियों की खरीदी की जाती है। इन सामग्रियों की खरीदी सी-मार्ट से करने पर चर्चा की गई। सी-मार्ट में जरूरत के मुताबिक सारे प्रोडक्ट मौजूद है, विभागों से डिमांड प्राप्त होने पर इसके आधार पर जिस प्रोडक्ट की आवश्यकता ज्यादा होगी, इस आधार पर प्रोडक्ट की व्यवस्था भी की जाएगी। विभागों के मांग के आधार पर उत्पाद को पहुंचाकर देने की व्यवस्था करने पर भी चर्चा की गई। विभिन्न विभागों के प्रमुख प्रोडक्ट को लेकर सी-मार्ट का विजिट भी करेंगे। आज की बैठक में प्रमुख रूप से डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डीपीओ विपिन जैन, समाज कल्याण विभाग से तारा देवी, सहायक आयुक्त ट्राइबल प्रियवंदा रामटेके, आनंद पाठक, डीएल डहरिया, टी आर, गोविंद साव, प्रकाश कुमार पांडे, धीरेंद्र कुमार, अंजलि, नागेंद्र कुमार, राजीव, सोहनलाल बंजारे एवं अक्षय पात्र से आए हुए प्रबंधन मौजूद रहे।



# मार्केट सुव्यवस्थित होगा तो ग्राहकों को खरीदारी में नहीं होगी समस्या, मार्केट को अच्छा बनाने व्यापारी करें सहयोग

भिलाई नगर/ पावर हाउस के समीपस्थ मार्केट क्षेत्रों का महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने गुरुवार की शाम को निरीक्षण कर जायजा लिया। निगम ने मार्केट को अच्छा और सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापारियों से सहयोग की अपील की। व्यापारियों से इसको लेकर चर्चा की गई तथा सभी प्रकार के सड़क बाधा, अवैध अतिक्रमण, अवैध निर्माण, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, बिल्डिंग मटेरियल के कारण आने जाने में होने वाली समस्याओं के लिए व्यापारियों को खुद से सहयोग करने कहा। लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट सहित पूरे मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण संयुक्त रूप से किया गया। अनाधिकृत विकास व निर्माण के लग रहे शिविर का भी निरीक्षण किया गया, आवेदन की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए, लोगो को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने कहा गया। मार्केट निरीक्षण के दौरान ठेले और गुमटियों को व्यवस्थित करने के लिए वेंडिंग जोन की तैयारियों का निरीक्षण महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मिलकर किया। पावर हाउस पुराना रोजगार कार्यालय जो कि जर्जर अवस्था में है इसे तोड़कर मार्केट को सुव्यवस्थित करने की दिशा में कार्य करने पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी वीरेंद्र बंजारे आदि मौजूद रहे।



# टैक्स वसूली में बढ़ोतरी करने भिलाई निगम के सभागार हुई में बैठक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में टैक्स वसूली को लेकर बैठक की गई, जिसमें विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही नई एजेंसी श्री साई पब्लिक स्टेशनर्स के कर्मचारी भी शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त नरेंद्र कुमार बंजारे एवं रमाकांत साहू, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा, दिलीप कुर्वे तथा श्री साई पब्लिक स्टेशनर्स व निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में एजेंसी के द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा भी की गई। बताना जरूरी है कि मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन में नई एजेंसी के द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं और टैक्स वसूली की कार्रवाई की जा रही है। सोमवार से संपत्तिकर की वसूली के लिए एजेंसी के द्वारा डोर टू डोर टैक्स कलेक्शन को लेकर चर्चा की गई। एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि वह जल्द से जल्द सभी प्रकार के टैक्स वसूली पूरा करें। निगम के द्वारा प्रदान किए गए लक्ष्य के अनुसार 100% टैक्स वसूली करें। कर्मचारियों को आई कार्ड के साथ ही वसूली करने कहा गया है।



# जन सहयोग से हो रही है तालाबों की सफाई, मिल रहा है श्रमदान का सहयोग, प्लास्टिक मुक्त भिलाई बनाने जागरूकता रैली का भी हो रहा है आयोजन

भिलाई नगर/ स्वच्छता को लेकर 25 फरवरी तक विशेष गतिविधियां निगम के द्वारा जन सहयोग से आयोजित की जा रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 एवं कचरा मुक्त शहर के लिए भिलाई निगम के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां अपनाई जा रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 एवं कचरा मुक्त शहर के लिए भिलाई निगम के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां अपनाई जा रही है। इसके लिए 20 फरवरी से स्वच्छता का विशेष अभियान प्रारंभ हो चुका है जो कि 25 फरवरी तक चलेगा। स्वच्छता के महाभियान का हिस्सा बनने के लिए महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास ने भी सभी से अपील की है तथा अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत अपनाई जा रही विशेष गतिविधियों में शामिल करने कहा है। नगर पालिक निगम भिलाई की अपील है कि कचरा खुले में न फेंके, सुखा कचरा एवं गीला कचरा पृथक-पृथक ही सफाई वाहन को देवें, सड़कों पर मलबा बिखेरकर न रखें, प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा भिलाई को स्वच्छ शहर बनाने में अपनी महती भागीदारी निभाए।



नगर पालिक निगम भिलाई

# अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के मामले में होगी सख्त कार्रवाई

भिलाई नगर/ निगमायुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली उन्होंने कहा कि अनाधिकृत विकास व निर्माण को नियमितीकरण में दायरे में लाने के लिए सख्त कार्यवाही करें। सभी जोन क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर ठेले, गुमटी को सुव्यवस्थित करने के लिए वेंडिंग जोन बनाने की तैयारियों को लेकर उन्होंने गहन जानकारी ली और कार्यों को शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। आने वाले दिनों में समस्याओं के निवारण के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए अलग-अलग विभागों को आयुक्त ने निर्देशित किया है ऐतिहासिक धरोहर वाले स्थानों के लिए भी विशेष कार्य योजना तैयार की जाएगी। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए मार्केट क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाने के निर्देश आयुक्त ने बैठक में दिए। इसके अलावा समय-सीमा की बैठक में प्राप्त होने वाले आवेदन की विस्तार से समीक्षा आयुक्त ने की और अधिकारियों को शीघ्रता से समस्याओं के निदान के निर्देश दिए। आज की बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त रमाकांत साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरे, पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा एवं खिरोद्र भोई तथा कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



# भिलाई शहर में बन रहा है बेहतरीन वेंडिंग जोन, महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लिया जायजा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कई स्थानों में शानदार वेंडिंग जोन तैयार किए जा रहे हैं। आज इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास अधिकारियों के साथ स्पॉट पर पहुंचे।प्लेटफार्म तैयार कर पेवर ब्लॉक लगाने का काम भी किया जा रहा है। इसके अलावा शिवाजी चौक तथा स्मृति नगर बाजार जाने वाली सड़क के किनारे भी वेंडिंग जोन तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने भी वेंडिंग जोन को लेकर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसी तारतम्य में भिलाई में इसको लेकर व्यापक रूप से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने भी वेंडिंग जोन को लेकर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसी तारतम्य में भिलाई में इसको लेकर व्यापक रूप से कार्य किया जा रहा है। नेहरू नगर जोन क्षेत्र के अलावा सभी जोन क्षेत्रों में वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है। वेंडिंग जोन के माध्यम से सड़क किनारे लगे हुए गुमटियो को व्यवस्थित किया जाएगा। सुंदर प्लेटफार्म इसके लिए निगम के द्वारा दिया जा रहा है। एक समरूपता के तहत दुकान संचालित होंगे। लाइटिंग की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी। लोग आसानी से इन दुकानों में खरीदारी कर पाएंगे। जोन आयुक्त राजेंद्र नायक ने बताया कि नेहरू नगर जोन में 50 से अधिक गुमटियां व्यवस्थित हो जाएंगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता आलोक पसीने व उप अभियंता अर्पित बंजारे मौजूद रहे।



# भिलाई निगम से चार कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज 4 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई सभागार में दी गई। इसके साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य तथा दीर्घायु जीवन की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में मीना मानकर आत्मज सीताराम मानकर डाटा एंट्री ऑपरेटर, यशवंत कुमार वैद्य आत्मज भाऊराव वैद्य फील्ड वर्कर, आन सिंह आत्मज बिशौहा सफाई कामगार तथा ईश्वर राव आत्मज अपन्ना राव सफाई कामगार शामिल है। भिलाई निगम में यह सभी कर्मचारी 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुए हैं। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र आदि देकर उनका सम्मान किया गया, इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के परिजन भी मौजूद रहे। विदाई समारोह में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, बसंत देवांगन, संजय शर्मा, शरद दुबे, जय जैन आदि मौजूद रहे।




**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई